समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# ‘हमने रोका भारत-पाकिस्तान युद्ध’, बोले ट्रंप तो भड़की कांग्रेस, कहा- ये शरीफ की PM मोदी से तुलना।

Publisher

Published on 14 May 2025



## कांग्रेस ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा हमला बोला है. कांग्रस ने कहा कि ट्रंप न केवल भारत को पाकिस्तान के साथ जोड़ रहे है, बल्कि वह पीएम मोदी की तुलना शहबाज शरीफ से भी कर रहे है.

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर’ कराने के अपने दावों को दोहराए जाने के बाद कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि वह (ट्रंप) न केवल दोनों देशों को एक साथ जोड़ रहे हैं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना उनके पाकिस्तानी समकक्ष शहबाज शरीफ से भी कर रहे हैं. कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सऊदी अरब में एक कार्यक्रम के दौरान ट्रंप के नए बयान की एक क्लिप शेयर की.

पवन खेड़ा ने कैप्शन में लिखा, “अमेरिकी राष्ट्रपति ने फिर कहा कि मैंने उनके (भारत और पाकिस्तान के) बीच सौदा करने के लिए व्यापार का इस्तेमाल किया और वे सहमत हो गए.” उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप न केवल भारत को पाकिस्तान के साथ जोड़ रहे हैं, बल्कि वह प्रधानमंत्री मोदी की तुलना शहबाज शरीफ से भी कर रहे हैं. उन्होंने पूछा कि क्या प्रधानमंत्री को ऐसी तुलना स्वीकार्य है.

कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने सरकार पर किया कटाक्ष
‘प्रोफेशनल्स कांग्रेस एंड डेटा एनालिटिक्स’ के चेयरमैन प्रवीण चक्रवर्ती ने सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा, “पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और भारत के प्रधानमंत्री बराबर हैं. पाकिस्तान और भारत बराबर शक्तियां हैं. यह कौन कह रहा है ? प्रधानमंत्री मोदी के

‘अच्छे दोस्त’ राष्ट्रपति ट्रंप.” कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने भी सऊदी अरब में ट्रंप द्वारा की गई टिप्पणियों को साझा किया और सरकार पर कटाक्ष किया. उन्होंने कहा, “यह कहानी पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं थी.”

डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया कि अमेरिकी प्रशासन ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते संघर्ष को रोकने के लिए ‘सफलतापूर्वक ऐतिहासिक सीजफायर ’ करवाया. अमेरिकी राष्ट्रपति ने रियाद में सऊदी-अमेरिका निवेश फोरम को संबोधित करते हुए कहा, “जैसा कि मैंने अपने उद्घाटन संबोधन में कहा था, मेरी सबसे बड़ी उम्मीद शांतिदूत बनना और एकता लाना है. मुझे युद्ध पसंद नहीं है. वैसे, हमारे पास दुनिया के इतिहास की सबसे बड़ी सेना है.” उन्होंने दावा किया, “कुछ ही दिन पहले, मेरे प्रशासन ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ती हिंसा को रोकने के लिए ऐतिहासिक सीजफायर को सफलतापूर्वक करवाया.” ट्रंप, खाड़ी क्षेत्र की अपनी चार दिवसीय यात्रा के पहले चरण में सऊदी अरब में हैं.

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने किया बड़ा दावा
अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा, “और मैंने ऐसा करने के लिए काफी हद तक व्यापार का इस्तेमाल किया. और मैंने कहा कि साथियो, चलो. चलो एक सौदा करते हैं. चलो कुछ व्यापार करते हैं.” ट्रंप के इस संबोधन के दौरान वहां मौजूद दर्शकों ने तालियां बजाईं. इस दौरान अरबपति एलन मस्क भी मौजूद थे. भारत और पाकिस्तान चार दिन तक सीमा पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद 10 मई को संघर्ष समाप्त करने पर सहमत हुए.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.